## खबर संक्षेप

### दैवेभो श्रमिकों एवं कर्मचारियों के वेतन दरें पुनर्निर्धारित

**कटनी।** श्रम आयुक्त इंदौर द्वारा शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक वेतन एवं प्रतिदिन वेतन की दरों तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ते का पुनर्निधारण किया गया है। यह मासिक एवं दैनिक वेतन दरें 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रभावशील रहेंगी। दैनिक वेतन पाने वाले श्रमिकों एवं कर्मचारियों को कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल और उच्च कुशल की अलग-अलग श्रेणियों में विभक्त किया गया है। इसके तहत अकुशल श्रमिकों को प्रतिमाह 12 हजार 125 रुपये, अर्ध कुशल श्रमिकों को 13 हजार 121 रुपये एवं कुशल श्रमिकों को 14 हजार 844 रूपये तथा उच्च कुशल श्रमिकों को 16 हजार 469 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा। इस न्यूनतम वेतन का निर्धारण परिवर्तनशील महंगाई भत्ते को मिलाकर किया गया है। न्यूनतम वेतन से कम दर पर वेतन का भुगतान किया जाना दण्डनीय अपराध है।

### सालों से फरार चल रहा स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** सालों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा चलाए जा रहे फरार स्थाई वारंटी की पता तलाश गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने हेतु अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह थाना प्रभारी राखी पांडे के नेतृत्व में 3/5/25 को वर्ष 2016 से फरार स्थाई वारंटी हरछठ उर्फ हरछटीया वंशकार पिता चंदू वंशकार उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम सलैया चौकी सलैया को न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी को चौकी प्रभारी सलैया विनोद पांडे सैनिक रमेश पटेल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### गांजा तस्करों को 15 साल की सुनाई सजा

**कटनी।** गांजा तस्करी करने वाले आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय ने 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी मोहम्मद फहीम 28, विवेक मिश्रा 32, सुमित सेन 31, अमरनाथ सक्तेल 30 साल को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से केके पांडेय अपर लोक अभियोजक के द्वारा पैरवी की गई। थाना बड़वारा में पदस्थ उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय द्वारा 9 जुलाई 2022 को स्टॉफ के साथ लखाखेरा कमानिया गेट सामने पहुंचकर हाइवे-78 पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान आर्टिगा कार जिसका नंबर एमपी 21 सीबी 0744 को रोककर चेक किया गया, तो उक्त वाहन को आरोपी मोहम्मद फहीम चलाते हुए पाया गया। आरोपी विवेक मिश्रा, सुमित सेन बैठे थे। पीछे की डिग्गी में खाकी रंग के सेलोटेप से लिपटे हुए 50 पैकेट रखे हुए पाए गए। जांच के दौरान वह गांजा निकला। इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के - समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय विचारण न्यायालय विशेष - न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) संजय कुमार गुप्ता द्वारा साक्षीगण के कथनों एवं अभियोजन के तर्को से सहमत होकर प्रकरण में अभियुक्तगण को उक्त अपराध के लिए दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### अस्पताल परिसर से दोपहिया वाहन चोरी

**कटनी।** सक्रिय बदमाश आए दिन वाहन पार रकर रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर से दो पहिया वाहन चोरी हो गया। जानकारी के अनुसार शासकीय जिला अस्पताल में नई बिल्डिंग के सामने से शनि निषाद निवासी आधारकार की अज्ञात बदमाश ने दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडबी 8703 पार कर दी है। यहां पर वाहन स्टैंड संचालित होने के बाद भी वाहन चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

---

**शनिवार की दोपहर बाद अचानक से बिगड़ा मौसम, घने बादलों से दिन में छाया अंधेरा**

# तेज आंधी व तूफान ने बरपाया कहर बारिश की बौछारों ने किया तरबतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शनिवार की दोपहर बाद अचानक से मौसम का रंग एकदम अलग सा हो गया। आसमान में काले घने बादल छा गए। तेज आंधी तूफान चलने लगा। दिन के उजाले में घना अंधेरा छा गया। आंधी तूफान के साथ ही बारिश की बौछारें हुई। आंधी इतनी तेज थी कि घरों के छप्परों को उड़ा ले गई। कई पेड़ों की शाखाएं टूटकर नीचे गिर गई। भरी गर्मी के मौसम में अचानक से हुए बदलाव के चलते करीब एक घंटे तक सड़कें सूनी नजर आई। बारिश और आंधी तूफान से बचने लोग जगह तलाशते रहे। शनिवार को पूर्वान्ह तक मौसम साफ रहा। तेज धूप से भीषण गर्मी का अहसास भी हुआ लेकिन दोपहर बाद से मौसम एकदम अलग ही रंग में नजर आया। बारिश होने से जगह गर्मी से लोगों को राहत मिली वहीं आंधी तूफान से फसलों में



नुकसान भी हुआ।

### जगह जगह भरा पानी

तेज बारिश होने से सड़कों में जगह जगह पानी भर गया। कीचड़ होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी भी हुई। कई वार्डों में जहां सड़क एवं नाली निर्माण नहीं हो पाया वहां अधिक परेशानी हुई। मिट्टी गीली होकर कीचड़ में तब्दील हो गई जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। इस समय शादी विवाह का सीजन भी चल रहा है। तेज आंधी तूफान एवं बारिश की वजह से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।

### कहीं आंधी तूफान तो कहीं पानी

शनिवार को शहरी क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ तेज बारिश भी हुई जबकि ग्रामीण अंचलों में अलग असर दिखा। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में तेज आंधी चली हालांकि बारिश कम ही हुई। आंधी की वजह से लोगों को नुकसान भी उठाना पड़ा। गौरतलब है कि बीते चार पांच दिनों से मौसम बदमिजाज बना हुआ है। कभी सुबह तो कभी शाम तो कभी रात को आंधी तूफान एवं बारिश होने लगती है। एक दिन पूर्व ही जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह बने रहने के आसार बताए गए हैं।

---



# ग्राम नेगई में 200 एकड़ सरकारी भूमि में अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलौड़ी

सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई के बाहर राजस्व विभाग की लगभग 200 एकड़ भूमि पर ग्राम के दबंग लोगो ने अवैध कब्जा कर कृषि कार्य कर रहे है। प्रशासन गरीब आदिवासी के अवैध कब्जे को अलग कर अपनी ही प्रशंसा में व्यस्त है। पिछले दो साल में एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किया उनकी अधिकाश शिकायत को दबाव देकर बंद करा दिया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नेगाई में अवैध अतिक्रमण में पटवारी की भी मिली भगत है वह अवैध कब्जा वाले से पैसे भी लेता है जो आदिवासी गरीब उस को पैसा नही देता उस का अतिक्रमण अलग करा दिया जाता है।

जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने जिला की सामान्य सभा में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की चिन्हित भूमि पर हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया है सरकार की अनेक योजनाओं में सरकारी भूमि ना होने के कारण विलंब हो रहा है।

कटनी के तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद ने 10 एकड़ भूमि पर नर्सरी बनाने की योजना बनाई थी। पर भूमि नही मिलने से विलंब हो रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नेगाई सहित सभी ग्रामों के अवैध कब्जे अलग कराने की मांग की है।

---

**यात्रियों की सुविधाओं के लिए जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

# बस स्टैण्ड में अव्यवस्थाएं हावी, यात्रियों को उठानी पड़ती है कई तरह की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शहर के एकमात्र बस स्टैंड में अव्यवस्थाएं चरम पर हैं। यहां पर 280 से अधिक बसें प्रतिदिन कई जिलों व प्रदेशों के लिए फर्राटे भरती हैं। प्रतिदिन बसों में लगभग 15 से 20 हजार लोग सफर करते हैं, इसके बाद भी बस स्टैंड की स्थिति बेहद दयनीय है। पूरे परिसर में बसें अस्त-व्यस्त खड़ी हैं और प्लेटफॉर्म पर रुकने की बजाय बीच मार्ग में खड़ी होकर यातायात बाधित कर रही हैं। वहीं, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी स्थिति को और बिगाड़ रही है। बसों के गेट पर सवारी बैठाने के लिए ऑटो चालक अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की



स्थिति बन जाती है। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और जिला प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहे। हैरानी की बात तो यह है कि प्रियदर्शनी बस स्टैंड में यात्रियों को हर दिन हो रही भारी परेशानी को लेकर शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं।

बसों के आने पर ऑटो और ई-रिक्शा चालक बसों के गेट के सामने अपने वाहन खड़े कर लेते हैं, जिससे यात्री बस में चढने-उतरने में असमर्थ हो जाते हैं। सडक़ पर खड़ी बसें और वाहन जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। यात्रियों का कहना है कि कई बार देर होने की वजह से वे अपनी बसें भी मिस कर देते हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बस स्टैंड का अव्यवस्थित माहौल उनकी रोजी-रोटी पर भी असर डाल रहा है। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी के कारण यात्री परेशान हो जाते हैं और बाजार से दूरी बनाने लगते हैं।

बस स्टैंड में यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बैठने के लिए कुर्सियां तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यात्री फर्श पर बैठने को मजबूर हैं। पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है, जिससे यात्रियों को बोतलबंद पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

---

## राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण कराये जाने समीक्षा



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में समस्त न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा 10 मई को होने वाले नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं से न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराये जाने के संबंध में समीक्षा एवं आवश्यक चर्चा की गई। प्रधान न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अधिवक्ताओं से भी अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये जाने में सहयोग किये जाने हेतु कहा गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं सचिव सुमित शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहें।

---

# संरक्षण एवं मिलीभगत से जिले भर में शराब की अवैध बिक्री का चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले भर में शराब की अवैध बिक्री का कारोबार एक बार फिर फलने-फूलने लगा है। माफियाओं समेत छुटभैये तस्करों के मन में कानून का कोई भय नहीं रहा। शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है।

दरअसल शराब दुकानों के अपने नियम कायदे है। तय अनुबंध के तहत देशी या अंग्रेजी दुकानों से शराब केवल अनुमति वाले अड्डे से बेंची जा सकती है लेकिन अधिक मुनाफे के लिये शराब ठेकेदारों ने अपना ही संविधान लागू कर रखा है। हर गांव में चल रही पैकारी के लिये बकायदे एजेंट नियुक्त है। यहां शासन का कानून नही बल्कि ठेकेदार और उनके लठैत, गुर्गो का हुक्म चलता है जिससे कोई विरोध भी नहीं कर पाता। जिले के दूर-दराज के गांव में भी आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। कहने को तो जिले में महज 63 ही देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें हैं लेकिन माफियाओं की तगड़ी सेटिंग से गांव-गांव अवैध शराब बेरोकटोक बिक रही है।

### बदतर हो रहे हालात

शराब की अवैध बिक्री से जेबें तो अफसर और ठेकेदारों की भर रही है लेकिन शहर से गांव तक नित दिन पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। जिले में अधिकारियों के तबादला व पदस्थापना तो होते ही रहते हैं लेकिन शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने में कोई भी सक्षम नहीं साबित हो पा रहा है। हालात दिनों दिन ज्यादा बदतर होते जा रहे हैं। आबकारी अधिकारी का फरमान वहीं की शराब पकड़ने के लिये जारी किया जाता है जिस ठेके या अड्डे का कमीशन कम है या चढ़ोत्तरी मिलने में आनाकानी हो रही है।

नशे के आदी हो चुके युवा अपनी लत को पूरा करने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकते। चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों के पीछे काफी हद तक नशा ही कारण साबित हो रहा है। नशे की लता को पूरी करने नशेड़ी अपराध के दलदल में धीरे-धीरे धंसता ही चला जाता है।

---

**मेरा ई केवायसी एप लांच में घर बैठे करें राशन की ई केवायसी**

# ई-केवायसी नहीं कराया तो हितग्राहियों के खाद्यान्न वितरण में लग सकती है रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। आगामी समय में खाद्यान्न निरंतर प्राप्त होता रहे इसलिये सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित शेष रहे हितग्राहियों के ई-केवायसी 15 मई 2025 तक करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिये गये हैं।

एनएफएसए के अंतर्गत



सम्मिलित शेष सभी पात्र हितग्राहियों के ईकेवायसी समय-सीमा में करने के लिये 15 मई 2025 तक ई-केवायसी करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये जिला स्तर पर जिला आपूर्ति अधिकारी एवं अनुभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, संबंधित विकासखण्ड के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक, संबंधित नगरीय क्षेत्र के वार्ड प्रभारी का संयुक्त दल गठित किया जाकर कैम्प आयोजित किये जाकर ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है।

ई-केवायसी के दौरान पीओएस मशीन में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, वृद्धजन व अन्य जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के साथ ही ऐसे हितग्राही जो अपनी मूल उचित मूल्य दुकान के बाहर मध्यप्रदेश के किसी भी अन्य स्थान में निवासरत हैं या जो हितग्राही अपने कार्य की व्यस्तता के कारण उचित मूल्य दुकान या कैम्पों में उपस्थित नहीं हो सकते हैं, ऐसे सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी के लिये शासन द्वारा ₹मेरा ईकेवायसी एप' लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के अतिरिक्त पात्र हितग्राही भी स्वयं अपने एन्ड्रॉयड मोबाईल फोन के माध्यम से मेरा ईकेवायसी एप को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर स्वयं भी एवं परिवार के सदस्यों का भी ई-केवायसी कर सकते हैं।

ई-केवायसी के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान का 15 मई 2025 अंतिम तिथि नियत है। इसलिये सभी शेष रहे हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे 15 मई 2025 तक ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करायें। समय-सीमा में ई-केवायसी नहीं होने पर भारत सरकार द्वारा ई-केवायसी शेष रहने वाले हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न पर रोक लगाई जा सकती है।

---

**जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह विधिक सहायता शिविर**

# बंदियों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण, दवाईयां कराई उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला जेल कटनी में निरुद्ध बंदियों का स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने, आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराये जाने तथा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शनिवार को जिला जेल कटनी में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह विधिक सहायता शिविर का आयोजित किया गया।

इस विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा, जे0पी0 चिडार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,





सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, प्रभात चतुर्वेदी जेल अधीक्षक एवं डॉक्टर्स की टीम की उपस्थिति में सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी के द्वारा स्वागत किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह शिविर में चिकित्सा सुविधा का लाभ उठायें।

आयोजित शिविर में जिला अस्पताल कटनी से उपस्थित डॉक्टर्स की टीम के द्वारा अधिक बंदियों का एच.आई.व्ही., कैंसर, टी.वी. दांत, कान, गला, आंख जैसी गंभीर व अन्य बीमारियों के संबंध में चिकित्सीय परीक्षण कर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की ओर से समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही एवं पैनल अधिवक्ता मीना सिंह बघेल, श्रीनिवास पाण्डेय, लीगल एड डिफेंस काउंसिल की ओर से आशीष दुबे, अभिषेक मिश्रा तथा पैरालीगल वालेंटियर्स आराधना तिवारी, रवि नामदेव के द्वारा बंदियों से चर्चा की गई व उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रभात चतुर्वेदी जेल अधीक्षक के द्वारा किया गया।

---

# 3 पंचायतों में सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 15वें वित्त आयोग मद से जिले के 2 विकासखंडों में 4 निर्माण कार्य पूर्ण कराने 18 लाख 50 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हिरवारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 7 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। जबकि विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत दशरमन एवं ग्राम पंचायत मुरवारी में ओपन जिम निर्माण के लिए क्रमशः 2.25, 2.25 लाख एवं ग्राम पंचायत घुघरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 7 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि प्रथम किश्त के रूप में प्रदाय राशि का उपयोग कर लिये जाने पर द्वितीय किश्त के मांग पत्र के साथ कार्यस्थल के 4 फोटोग्राफ्स एवं क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा माप पुस्तिका की अभिप्रमाणित छायाप्रति, प्रशासकीय स्वीकृति आदेश की छायाप्रति तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र जो कि उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुत करने पर द्वितीय किश्त जारी होगी। इसके अलावा प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से अधिक व्यय किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जायेगा तथा अतिरिक्त राशि आवंटित नहीं की जायेगी। क्रियान्वयन एजेंसी का उत्तरदायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य पूर्ण कराकर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रेषित करें।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर को दी शाबाशी

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने कहा कि आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में पिछले 6 माह से कटनी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों में समाधान करवाया। इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इधर कटनी जिले से कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव वर्चुअली जुड़े रहे। इसके अलावा वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई कालू सिंह डामोर और निगमायुक्त नीलेश दुबे एवं जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा भी वर्चुअली जुड़े रहे।

### ग्रामीणों को बताई जल संरक्षण की तकनीक

**कटनी।** जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक एक मझगवां फाटक के ग्राम देवडोंगरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चौपाल लगाकर ग्रामवासियों को बताया गया कि आने वाले बारिश के समय में हम घर-घर में सोखता गड्ढा बनाकर अधिक से अधिक वर्षा जल को संचित कर जल स्तर को बढ़ा सकते हैं एवं खेतों की मेढ़ का बंधान करके जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है। इस संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए दृष्टि मानव विकास समिति के अध्यक्ष मनीष पांडेय द्वारा उपस्थित लोगों के बीच में अपनी बात रखी गई। चौपाल में बसंत लाल यादव, अमृत लाल यादव, कमलेश चौधरी, उमेश यादव, दयाल यादव चौधरी, सुनील यादव, माही लाल यादव, हिम्मत दादा, मैंकू आदिवासी बाबूलाल श्रीवास मुन्ना चौधरी खुशी लाल आदिवासी विवेक पांडे प्रभांशु पांडे आदि की उपस्थिति रही।

### बाल संस्कार शिविर 6 से, बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

**कटनी।** निर्मल धाम सहजयोग केंद्र मंगल नगर बाबा घाट के पास बाल संस्कार शिविर का आयोजन 6 मई से 10 मई तक किया जा रहा है जिसमें 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को संस्कार, नृत्य, संगीत चित्रकला आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को बाल संस्कार शिविर में सायंकाल 5:30 बजे से 6:30 तक भेजकर इस शिविर का लाभ उठाएं।यह शिविर पूर्णतः निशुल्क है।

### 5 मई तक प्रमाणित साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकेंगे दावा आपत्ति

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत वार्ड क्रमांक -01 से 45 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के संबंध में प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति 5 मई 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा इस संबंध में जारी सूचना में मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर भौतिक सत्यापन तथा पात्रता परीक्षण किये जाने के उपरांत पात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किए जाने का लेख किया गया है । निगमायुक्त श्री दुबे ने आम जनों को सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह 5 मई को समय दोपहर 1 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही होगी।

---

न्यू क्रिमिनल लॉ पर पुलिस का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

# अब तकनीकी रूप में विकसित हो चुके हैं क्राइम, हमें भी रहना होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





न्यू क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एएसपी डॉ संतोष कुमार डहेरिया के मार्गदर्शन में न्यू क्रिमिनल लाँ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा नये कानून के क्रियान्वन में प्रक्रियाओं का महत्व एवं थानों में नये कानून के क्रियान्वयन के दौरान आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान निराकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता के बारे में बताया। पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि डिजिटाइजेशन युग, तकनीकी युग मे अपराध और अपराधी तकनीकी रूप विकसित हो चुके हैं ।

इस स्थिति में पुलिस को सिस्टमैटिक चेंज अपने आप में लाना होगा। पुलिस को सारी तकनीकों से लैस होकर स्वयं को अपडेट रखना होगा जिससे वे अपनी क्षमताओं और दक्षता का विकास कर सकें। व समाज को एक बेहतर पुलिसिंग दे सके।

तकनीक एवं सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप नये विधान एवं कानून को लागू किया जा रहा है पुराना क्रिमिनल लॉ "दंड" (punishment) आधारित था लेकिन 1 जुलाई 2024 से लागू नवीन अपराधिक नियम "न्याय"(justice)"पर आधारित है । इसका उद्देश्य यह है कि पीड़ित चाहे वह किसी भी वर्ग, पृष्ठभूमि का हो उसे न्याय समय पर मिले। तुलनात्मक कानून में नई धाराएं जोड़ी भी गई है तथा कुछ पुरानी धाराएं निरस्त भी की गई है। गवाहों की सुरक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यो का समावेशन किया गया है।जिसकी विस्तृत समझ एवं विशेषज्ञता का ज्ञान प्रत्येक पुलिस कर्मी को होना नितांत आवश्यक है। तीन दिवसीय न्यू क्रिमिनल लॉ प्रशिक्षण के अंतर्गत नये पोर्टल, नये एप्स बारे में जैसे, e- साक्ष्य, e- रक्षक ,NCRB संकलन एप, e -FIR , i-RED ,e-विवेचना, e-DAR, CCTNS न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित ICGS app, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित ITS-O app, Forensic science laboratory से संबंधित नियम , जप्ती प्रक्रिया, घटनास्थल निरीक्षण पुलिस अनुसंधान संबंधी ,नये परिवर्तनो का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह, डीसीबी प्रभारी निरीक्षक संदीप अयाची , कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक सुदेश समन, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत सहित थाना प्रभारी, उप निरीक्षक सहायक उप निरीक्षक प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक सहित कुल 235 पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

---

# सक्रिय चोर बदमाश आए दिन पार कर रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**सुनसान क्षेत्रों के अलावा भीड़ वाले स्थानों में भी कर रहे वाहनों की चोरी**

जिले में वाहन चोर गिरोह वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में दुकान, बाजार या घर के बाहर दोपहिया वाहन सुरक्षित नहीं हैं। बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भीड़ भरे इलाके, बाजार, रेलवे स्टेशन और बैंक परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों व दुकानों और घरों के सामने खड़े वाहनों को भी चोर ले जा रहे हैं। सक्रिय बदमाश बाइक पर दूर से नजर रखते हैं। बाइक सवार अपनी गाड़ी से थोड़ी दूर हुए नहीं कि चोर कारनामा दिखाने में जरा भी देर नहीं करते। मास्टर चाबी से या किसी अन्य तरीके से बाइक लेकर गायब हो जाते है। देखा गया है कि लोग जल्दबाजी में अपनी बाइक को लाक नहीं करते और खरीदारी करने जुट जाते हैं। इसी लापरवाही का चोर फायदा उठाते हैं। चोरों के पास मास्टर की चाबी होती है, इसका उपयोग बाइक चोरी करने के लिए करते हैं। सक्रिय बदमाश आए दिन कहीं न कहीं से लोगों के वाहन चोरी कर रहे हैं। चोर गिरोह जहां सूने में खड़े वाहनों को निशाना बना रहे हैं तो वहीं बाजारों की पार्किंग से भी मौका मिलते ही बाइक उड़ा रहे हैं जबकि पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

वाहन चोरों का गैंग वैसे भी काफी शातिर होता है। मास्टर चाबी तो इनके पास होती ही है, इनको यह भी पता होता है कि कहां भीड़ अधिक होगी और लोग अपने वाहन कहां खड़ी करेंगे। जहां पार्किंग स्थल नहीं होते, वहां वाहन चोर मंडराते रहते हैं। वाहन स्वामी अपनी गाड़ी खड़ी कर जैसे ही काम के लिए कहीं जाता है, ये आराम से अपना काम करके निकल जाते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि अगर पुलिस सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंच भी जाती है, तब भी ये वाहन चोर हाथ नहीं लगते। इसके पीछे जो वजह है कि वे क्षेत्र में आसपास कहीं ठिकाना बनाए रहते हैं, जिस कारण पुलिस के हाथ नहीं लगते।

चोरी की अधिकांश बाइक कबाड़ियों के पास खपाई जाती हैं। कबाड़ी बाइकों को सस्ते दामों में खरीदकर उसका एक-एक पाटर्स अलग कर देते हैं। इनका हर पुर्जा अलग कर इंजन व कीमती सामानों को मैकेनिकों के पास बेच देते हैं।

---

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरण कार्यक्रम

# श्रमदान कर की गई जलस्त्रोतों की सफाई रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रूपनाथ धाम में जल स्त्रोतों की सफाई एवं जल संरक्षण हेतु जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉ. तेज सिंह केशवाल एवं ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन में, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्होरी (सेक्टर बचैया क्रमांक 03) के संयोजन से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत रूपनाथ धाम के पवित्र कुंडों, घाटों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई की गई। तत्पश्चात उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण एवं इसके सतत उपयोग हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जल के महत्व, जलवायु संतुलन एवं सामुदायिक भागीदारी की भूमिका पर भी चर्चा की गई।

इस अभियान के माध्यम से न केवल जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित की गई, बल्कि समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने की एक सशक्त पहल भी की गई।

विकासखंड बड़वारा के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बांदरी के खेरदाई मंदिर में जल गंगा संगोष्ठी की गई। साथ ही गांववासियों की सहभागिता के साथ जल गंगा रैली एवं तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

इस कार्य हर भगत सिंह ,परामर्शदाता केशव प्रसाद कोरी, प्रकाश यादव, रोजगार सहायक दुलीचंद कुशवाहा ,बिहारी लाल रजक ,राम प्रसाद कुशवाहा श्यामलाल कुशवाह ,गिरधारी कुशवाहा ,चंदा कॉल ,द्रौपदी यादव, ज्योति यादव, सीमा कुशवाहा, अर्चना यादव ,बसंती यादव, फूलबाई, मीरा कॉल ,मुन्नी बाई ,फूलबाई ,कंचन कली ,नन्ही लाली, छोटी बाई ,कृष्णा पटेल, पिंकी की सक्रिय सहभागिता रही।

---

## मजदूरों के सम्मान में किया आयोजन, कराया जलपान



अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर बारडोली बेल केयर सोसाइटी के द्वारा श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न प्रमुख स्थल जहां पर प्रतिदिन रोजगार की तलाश में मजदूर एकत्रित होते हैं जैसे कि आजाद चौक, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन परिसर में संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी के द्वारा श्रमिकों को पौष्टिक नाश्ता कराते हुए स्टील पानी की बोतल एवं बिसलेरी पानी की बोतल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम की खास बात यह रही की तपती गर्मी में काम कर रहे श्रमिकों को शीतल जल पीने हेतु यह पहल की गई इस पुण्य कार्य में संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी माया गुप्ता राधा विश्वकर्मा आराधना तिवारी, काशी विश्वकर्मा, रविकांत राय एवं राजेश चौधरी ने सक्रिय भूमिका निभाकर कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया

---

# तीन लापता व्यक्तियों को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने अपहृत बालक बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा गुमइंसानो के प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गुमशुदा व्यक्तियो की दस्तयावी अधिक से अधिक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्राप्त निर्देशों के तहत चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उप.निरी. योगेश मिश्रा द्वारा गुमइंसान को दस्तयाब कर परिजनो के सुपूर्द करने में सक्रियता बरती जा रही है।

पुलिस ने बताया कि 2 फरवरी को प्रार्थी ने थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम करीबन 09 बजे उसका बेटा घर से विना बताये कहीं चला गया था जो वापस नहीं लौटा। रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच में लिया गया। इसी तरह 7 फरवरी को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07 फरवरी को शाम करीबन 4 बजे उसकी पत्नी घर से विना बताये कहीं चला गयी जो वापस नहीं आयी। एक अन्य मामले में 7 फरवरी 25 को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 फरवरी की शाम करीबन 3 बजे उसका पति घर से विना बताये कहीं चला गया जो वापस नहीं आया। थाना कोतवाली कटनी से गुमइंसान की दस्तयाबी हेतु टीम का गठन करते हुए गुमइंसान के बारे में सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित की गई। गुमइंसान के संबंध में लगातार जानकारी एकत्रित कर सभी गुमइंसानों को दस्तयाब कर सकुशल परिवार जनों के सुपुर्द किया गया।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** रीठी थाना की सलैया चौकी पुलिस ने पिछले 9 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक क्षेत्र के फरार वारंटियों कि धरपकड़ करने के लिए निर्देश दिए गए थे। एसपी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, मुख्यालय एसडीओपी उमराव सिंह एवं रीठी थाना प्रभारी राखी पांडे के मार्गदर्शन में सलैया चौकी पुलिस क्षेत्र के फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए सक्रिय कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आज 3 मई 25 को वर्ष 2016 से फरार स्थाई वारंटी हरछठ उर्फ हरछटीया वंशकार पिता चंदू वंशकार उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम सलैया चौकी सलैया को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी को चौकी प्रभारी सलैया विनोद पांडे, सैनिक रमेश पटेल के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

---

बड़वारा जनपद सभाकक्ष में विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# लाडी उत्सव कार्यक्रम में बालिकाओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



परियोजना बड़वारा के जनपद सभा कक्ष में जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष एवम बड़वारा ग्राम की सरपंच की उपस्थिति में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सम्मिलित लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाएं एवं अन्य महिलाओं की उपस्थिति में शासन के निर्देश अनुसार मेहंदी चित्रकला गीत भाषण इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतियोगिताओं में सम्मिलित बालिकाओं द्वारा तैयार की गई पेंटिंग मेहंदी का अवलोकन किया गया जिसमें विजेता बालिकाएं क्रमशः वंशिका पटेल ,अंशी, मान्या निगम दिशा पाटकर, अनन्या अंशी इत्यादि को उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया एवं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के संबंध में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि बड़वारा विकासखंड में अभी तक 14482 लाड़ली लक्ष्मी की बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है एवं इन बालिकाओं को कक्षा छठवीं नौवीं ग्यारहवीं 12वीं में छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है एवं 21 साल की उम्र पूर्ण होने पर 100000 की राशि प्रदाय की जाएगी एवं बालिका के कॉलेज में अध्ययन पर 25000 रुपए की राशि का छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित बड़वारा जनपद सीईओ प्रदीप सिंह, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर अनिल झामनानी, जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, महिला बाल विकास की सभापति महोदय इंद्रावती पटेल, बड़वारा सरपंच श्रीमती सुनैना सिंह तेकाम,बारडोली संस्था से आर्य एन चौधरी ब्लॉक समन्वयक जनपद श्रीमती बबीता सिंह, राजेश चौधरी, रजनीश बढ़गइयां, पर्यवेक्षक श्रीमती अर्पिता प्यासी, पर्यवेक्षक रेशमा परवीन बानो, रोशनी गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती काशी विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति निगम, अंजनी पटेल, लता सिंह, गीता मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

---

मंदसौर में हुई घटना के बाद सुरक्षा को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

# खुले हुए बोर, कुंओं एवं ट्यूबवैलों को तत्काल बंद करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हाल ही में मंदसौर जिले में सड़क के किनारे स्थित खुले कुएं में वाहन गिरने से हुई दुर्घटना के मद्देनजर कटनी जिला प्रशासन सतर्क है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले में इस तरह की कोई अप्रिय घटना न घटित हो इसलिए नगरीय निकायों, पंचायतों और राजस्व अधिकारियों को ऐहतियातन इस मामले में विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम, आयुक्त नगरनिगम, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ एवं पीडब्ल्यूडी सहित सभी निर्माण विभागों और तीनों नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को खुले हुए बोर, ट्यूबवैल और खुले कुओं को तत्काल ढ़कने और आवश्यक होने पर बंद कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि मानव जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से सूखे और बिना मुंडेर व चारदीवारी वाले अनुपयोगी और सूखे कुओं, बावड़ी और खुले बोर को बंद कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री यादव ने यह निर्देश जनहित में सुरक्षा की दृष्टि से असफल और खुला बोर व कुआं तथा ट्यूबवैल को तत्काल बंद कराने की हिदायत दी है।

#### सुरक्षा के लिए रहें सतर्क

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रायः नागरिकों एवं संबंधित संस्था द्वारा असफल बोरिंग और ट्यूबवैल को खुला छोड़ दिया जाता है। ऐसे बोर पर नजर रखें और इन्हें बंद करायें। इस मामले मे सावधानी और सर्तकता बरतें। आये दिन अन्य किसी जिले से मासूम बच्चों के बोर मे गिरने और खुले कुओं में गिरने से होने वाले हादसों की खबरें मिलती रहती है। इसलिए जनहित और सुरक्षा के मद्देनजर सावधान और सतर्क रहें।

#### जिले भर मे हुआ था सर्वे

बीते साल की अप्रैल माह में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से खुले बोरवेल और अनुपयोगी कुंओं का सर्वे कराया गया था और उन्हें बंद भी कराया गया था। लेकिन कलेक्टर श्री यादव ने अब फिर से एक सप्ताह के भीतर खुले बोरवेल और बिना मुंडेर वाले कुओं का सर्वे परीक्षण करवाकर उन्हें ढ़कवाने का कार्य कर राहत शाखा में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की हिदायत अफसरों को दी है।

#### खुला न रहे कुआं बोर व ट्यूबवैल

कलेक्टर श्री यादव ने बीते सप्ताह संपन्न हुई समय-सीमा बैठक में निर्देशित किया था कि जिले की सीमा क्षेत्र में खेत, खलिहान या अन्य स्थानों पर होने वाला एक भी बोर व ट्यूबवेल और कुआं को खुला नहीं रखा जाये। खुले बोर और कूपों को तत्काल ढ़ककर लोहे की जाली आदि से बंद कराया जाये।

#### कुओं को जाली से ढ़ंके

कलेक्टर श्री यादव ने लोकनिर्माण विभाग सहित सभी सड़क निर्माण विभागों को निर्देशित किया है कि वे सड़क के दोनों ओर के 5-10 मीटर की दूरी तक के कुओं की जांच करायें और यदि खुले हैं तो उन्हें ढ़कवाया जाये, ताकि कोई अनहोनी और अप्रिय घटना घटित नहीं होने पाये।

#### इन नंबरों पर दें सूचना

कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिले के हर बच्चे और नागरिक की जिंदगी अनमोल है। इसलिए यदि किसी भी व्यक्ति को जिले मे कहीं भी खुला बोरवेल और खुला गैर उपयोगी सूखा कुआं एवं नलकूप दिखता है, तो इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों 07622-220071 और 07622-220072 पर अवश्य देवें।

---

# निर्माण कार्यों के लिए 14.50 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 15वें वित्त आयोग मद से जिले के 2 विकासखंडों में 3 निर्माण कार्य पूर्ण कराने 14 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वी कृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीगकृति के मुताबिक विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत कैलवाराकला में ओपन जिम निर्माण कार्य हेतु 2.50 लाख रूपये स्वीवकृत किया गया है। जबकि विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिजहनी एवं ग्राम पंचायत जारारोडा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए क्रमशः 7 लाख एवं 5 लाख रूपये की राशि स्वीसकृत की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि प्रथम किश्त के रूप में प्रदाय राशि का उपयोग कर लिये जाने पर द्वितीय किश्त के मांग पत्र के साथ कार्य स्थल के 4 फोटोग्राफ्स एवं क्रियान्वयन ऐजेंसी द्वारा माप पुस्तिका की अभिप्रमाणित छायाप्रति, प्रशासकीय स्वीकृति आदेश की छायाप्रति तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र जो कि उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुात करने पर द्वितीय किश्ती जारी होगी।

इसके अलावा प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से अधिक व्यय किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जायेगा तथा अतिरिक्त राशि आवंटित नहीं की जायेगी। क्रियान्वयन ऐजेंसी का उत्तरदायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य पूर्ण कराकर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रेषित करें।

## खबर संक्षेप

### अब गावों में भी तेजी से गहरा रहा जल संकट पेयजल की भी हो रही गंभीर समस्या

**गुनौर।** जल ही तो जीवन है जल है तो कल है यह सनातन सत्य है मनुष्य भोजन के बिना कुछ समय सुरक्षित रह सकता है पर परंतु जल के बिना अधिक समय तक जीवन को बचाना संभव नहीं है इसी तरह अन्य जीव जंतुओं पशु पक्षियों के लिए भी जल जीवन के लिये परम आवश्यक है जल जीव जगत की अनिवार्य आवश्यकता है आये दिन हर वर्ष जल की लगातार कमी होती जा रही है पहले जल संकट से शहर प्रभावित थे पर अब गांवों में भी जल का संकट तेजी से बढ़ रहा है यह बात समाजसेवी संतोष कुमार मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कही उन्होंने ने यह भी कहा कि गहराते हुए जल संकट का मूल कारण प्राकृतिक असंतुलन है और दूसरा मूल कारण बहुत अधिक मात्रा में धरती से जल का निकालना है हैंड पंपों बोर बिलों से रात दिन पानी निकाला जा रहा है जो की समय के साथ जरूरी भी है परंतु इसमें कहीं न कही अनावश्यक रूप से भी जल की बरवादी होती है हर वर्ष वारिश कमजोर होती जा रही है जिसका कारण तेजी से वृक्षों की कटाई और बढ़ता हुआ कई प्रकार का प्रदूषण है कम वारिश के कारण नदी नालों तालाबों का जल का जल स्तर घट रहा है जिससे जमीन में भी जल का भंडार कम होता जा रहा है गावों की छोटी छोटी नदियों में उचित जल भराव न रहने से उनकी गहराई कम होती जा रही है लोग गावों में भी पेयजल व अन्य निस्तार के लिये आवश्यक जल की कमी तेजी से बढ़ रही है जो की आने वाले सा समय में गंम्भीर चिंता का विषय है जल का संचय कैसे हो प्राकृतिक संतुलन कैसे बने आवश्यक जल को ही धरती से बाहर निकाला जाये लोगों को जीवन दायक जल के प्रति जागरुक कैसे किया जाये इसके लिये जनता शासन प्रशासन को कारगर कदम उठाने होंगे।

### आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू (छुरा) व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

फरियादी द्वारा थाना देवेंद्रनगर उपस्थित आकार रिपोर्ट किया कि मेरे बडे भाई मिहीलाल वर्मा गाँव तरफ से घर आ रहे थे जैसे ही वह अपने घर के पास मोहल्ले मे पहुँचे तो उसी समय गाँव का सुखीलाल चौधरी अपनी मोटर साईकिल से पीछे तरफ से आया और मोटर साईकिल खड़ी करके मेरे भाई मिहीलाल के गर्दन में पीछे चाकू (छुरा) से 2-3 बार हमला कर धक्का देकर भाग गया जो मेरा भाई कुछ दूरी में जाकर गिरकर बेहोश हो गया है, जिसे इलाज हेतु अस्पताल देवेन्द्रनगर लाए तो डाक्टर साहब ने चेक कर मृत घोषित कर दिया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्र. 226/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी. हरवचन कुड़ापे के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश-पतारसी की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को मुखविर द्वारा आरोपी के बाहर भागने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर उक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये म जमुनहाई मोड़ के पास देवेन्द्रनगर से उक्त आरोपी को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर उसने बताया कि उसकी मां कई दिनो से बीमार रहती थी मुझे शक था की मृतक मिहिलाल वर्मा द्वारा कोई जादू-टोना किया गया है जिस कारण मेरी माँ बीमार रहती है। इस कारण मैने मौका मिलने पर उसको चाकू(छुरा) से हमला कर जान से मार दिया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू(छूरा) एवं मोटरसाइकिल जप्त किया गया।

## जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

# बंदियों के अधिकारों का संरक्षण हमारा दायित्व- प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश पी. सी. गुप्ता/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की अध्यक्षता में जिला जेल दमोह में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय दमोह के सहयोग से किया गया। शिविर में रजनीश चौरसिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउसिल मदन कुमार जैन, प्रेक्षा पाठक, रिचा त्रिपाठी, शिवानी पाराशर, पैनल लॉयर्स पंकज खरे, पी.आर. पटैल, नरेन्द्र दाहिया, नरेन्द्र शुक्ला, दीपा सोनी, जिला चिकित्सालय दमोह से सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र कुमार ठाकुर, सर्जिकल ऑफीसर डॉ. उमेश तंतवाय, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय, डॉ. मनीष सराफ, डॉ. एन. के पटैल, डॉ. गौरव जैन, डॉ. सुधीर आर्य, डॉ. हर्षिता पंथी, एवं लैब टैक्निशियन सहित सहायक जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश पी. सी. गुप्ता द्वारा उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए कहा म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत सभी जेलों में इस शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य बंदियों के अधिकारों के सरंक्षण के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना व उनके प्रकरणों की अद्यतन जानकारी से उन्हे अवगत कराया जाना है। इसके साथ ही आपके द्वारा जेल में किसी भी बंदीगण को किसी प्रकार की कोई समस्या है तो वह मुझे अवगत करा सकते हैं अथवा जब न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होते हैं तो उन्हें भी बता सकते हैं। उक्त शिविर का आयोजन आप सभी के अधिकारों के संरक्षण के लिये किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा बंदियों को सम्बोधित करते हुये बंदियों के अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये निःशुल्क विधिक सहायता एवं बंदियों को प्राप्त अधिकार विषय पर जानकारी दी और जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के विषय पर बताया कि लीगल एड क्लीनिक में सप्ताह में 4 दिवस लीगल एड डिफेंस काउसिल उपस्थित होते हैं, जिनके माध्यम से आप अपनी प्रकरण से संबंधित समस्याओं को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में बंदियों के पूछे गये प्रश्नों का प्रिंसिपल जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा समाधान सुझाया गया। तदोपरान्त विधिक सहायता प्राप्त बंदी अपने अधिवक्ताओं से चर्चा कर अपने प्रकरण की अद्यतन जानकारी दी गई तथा उपस्थित चिकित्सों की टीम द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार सहायक जेल अधीक्षक श्री छोटेलाल प्रजापति द्वारा किया गया।

# भगवान की लीलाओं का गहरा अर्थ, जीवन को अर्थपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण बनाने का मार्ग



**बनवार।** पंडित उमाशंकर शास्त्री ने टिकरी बुजुर्ग में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। भगवान की लीलाएं देखने और सुनने से ज्यादा महत्वपूर्ण है उन्हें समझना। उनकी लीलाओं में छुपे हुए गहरे अर्थ और शिक्षाएं हमें जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताती हैं। जीवन के उद्देश्य को समझने में मदद मिलती है, नैतिकता और आदर्श के महत्व का पता चलता है, प्रेम और भक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है। भगवान की लीलाओं को समझने से हम अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण बना सकते हैं। इस दौरान प्रीतम सिंह, गनेशी बाई, नत्थू सिंह, गुलाब सिंह, गजराज सिंह बड़ी संख्या में कथा श्रोता उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा कलयुग के कलुषित प्राणियों को उतारने का एक सरल सोपान है-पं वेद प्रकाश शास्त्री



**हटा।** समीपस्थ ग्राम रसीलपुर में कलेही माता मंदिर प्रांगण में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण में कथावाचक पूज्य महाराज श्री वेद प्रकाश कृष्ण शास्त्री जी ने कथा के विश्राम दिवस सप्तम दिवस श्रावण कराया कि भगवान की 16108 जो विवाह हुए हैं उनमें 8 पटरानी है स्पष्ट प्रकृति 100 उपनिषद है और 16000 उपासना कांड के मंत्र जो भगवान की रानियां बनी इस प्रकार से भगवान ने शरणागत को आश्रय देना या जो भगवान से निवेदन करता है बारंबार प्रार्थना करता है शरणागति प्रदान करती है सरकारों से यह विवाह मात्र एक लीला है वास्तव में तो भगवान शरणागत वत्सल है क्योंकि परमात्मा की आदत होती है कृपा करना हेतु की कृपा करना और इसी कृपा और दया का चरित्र श्रवण करते हुए भगवान ने श्री कृष्ण सुदामा चरित्र श्रवण कराया सुदामा ब्राह्मण जो त्रिलोकी में सबसे गरीब है जनार्दन भगवान ने उसे अपना मित्र बनाया और धन्य है सुदामा की भक्ति धन्य सुदामा का व्रत धन्य सुदामा की अखंड भक्ति जो भगवान श्री कृष्ण को ही दंडवत करने पर मजबूर कर दिया भगवान कहते हैं भक्त की जब भक्ति में प्रबलता आती है तो जगदीश्वर उसके सामने आकर के नतमस्तक हो जाती है।

# 1700 जोड़ों के विवाह को लेकर राज्य मंत्री ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




आज नगर के कृषि उपज मंडी मैदान में सामूहिक विवाह सम्मलेन में लगभग 1700 जोडो का विवाह सम्पन्न होना है जिसकी तैयारियों को लेकर शाम साढे पांच बजे राज्य मेंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने पहुंचकर अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई। जिसमें पानी, भोजन, पार्किंग, वेंदी पंडाल सहित विभिन्न व्यवस्थाओ की जानकारी ली गई। इस दौरान धमेन्द्र सिंह लोधी ने कहां कि यह बडे पैमाने पर होने बाला सामूहिक विवाह सम्मलेन आखरी सम्मेलन है। क्योकि इस बार केबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया है कि अब छोटे स्तर पर लगभग 200 जोडो का विवाह कराए जाएगें। जिस कारण यह आखिरी सम्मेलन है। में कार्यकर्ताओ से कहना चाहता हूँ कि आज होने बाले विवाह सम्मेलन में जीजान से लगकर इसे सफल बनाए। व्यवस्थाओ से संबंधित जिन कार्यकर्ताओ को जो जबावदारी दी गई है उनकी चिन्ता कर पूर्ण करने में लग जाए। साथ ही जनपद सीईओ मनीष बागरी ने सम्पूर्ण व्यवस्थाओ को लेकन जानकारी दी गई। साथ ही एडिसनल एसपी संदीप मिश्रा ने पुलिस व्यवस्था से संबंधित जानकारी दी गई एवं वाहन पार्किंग स्थान बताए गए। कालेज में रजिस्टेशन के 8 काउंटर बनाए गए है। इसके अलावा कालेज के नवीन भवन में बरबधु के तैयार होने की व्यवस्था की गई है। पंडाल में 80 वेदी बनाई गई है। लगभग 11 बार में 1700 जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। वाहन पार्किंग पावर हाउस के पास मैदान में बनाया गया है। साथ ही इमलीडोल ग्राम से आने बाले सभी वाहनो को कालेज के पास रोका जाएगां। मंच पर 200 लोग, 100 जोडो की बैठने की व्यवस्था की गई है। लोकगायको के लिए अलग से मंच बनाया गया है। ब्हीआईपी लोगो के लिए भोजन व्यवस्था के लिए अलग पंडाल बनाया गया है। विवाह सम्मेलन में लगभग 30 से 35 हजार लोगो के आने की संभावना जताई गई है। इसके बाद राज्य मंत्री ने ग्राउंड में की गई सभी व्यवस्थाओ का जायजा लिया एवं पंडल में हो रही हल्दी रस्म में पहुंचकर वरबधु को बधाईयां दी गई। इस दौरान उप जनप्रतिनिधियो एक दूसरो को हल्दी लगाई गई साथ ही भांगडा डांस किया गया। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, मूरत सिंह ठाकुर, रश्मि साहू, एडीएम मीना मसराम, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम सौरभ गंधर्व, एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी नीतेश जैन, तहसीलदार विवेक व्यास, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी के अलावा सभी विभागो के प्रमुख एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# निः शुल्क प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड पथरिया के सेक्टर नरसिंहगढ नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरद्वान सहयोगी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरिया चंपत में निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ पिपरिया चंपत मैंन रोड पर स्थित माता मंदिर पर किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, पथरिया विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय की उपस्थिति में डॉक्टर राजेश सोनी द्वारा शुभारंभ किया गया। जिसमें नगर विकास समिति बटियागढ़ के अध्यक्ष रवि तिवारी, सेक्टर प्रभारी अमृत पटेल, शुभम सोनी, मनोहर पटेल, अमृतलाल पटेल, विजय पटेल, पिपरिया चंपत राजवेंद्र पटेल जी झिरा आदि की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।

# स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर ने भारतीय जैन मिलन का 59 वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत भर्ती मरीजों एवं ओपीडी में जांच कराने आये मरीजों को फल वितरित किये। प्रारंभ में सदस्यों ने महावीर वंदना का गायन किया। बीएमओ अशोक बरोनिया ने सभी सदस्यों का स्वागत कर समुचित सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मिलन शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बजाज ने भारतीय जैन मिलन के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महेश जैन शिक्षक, नीलेश सराफ, राजेन्द्र राही, राजेन्द्र बजाज, स्वतंत्र जैन, अमित जैन, अतुल चौधरी, निर्मल जैन सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

#### पुत्री के जन्मदिवस पर बांटे फल

शाखा के उपाध्यक्ष नीलेश सराफ की सुपुत्री नैंसी सराफ का जन्मदिवस आज होने से उन्होने मरीजों को फल बांटकर खुशियां मनाई। मिलन के सभी कार्यकर्ता उसके साथ रहे। उन्होने स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ श्री बरोनिया सहित सभी स्टाफ का भी स्वागत किया। नीलेश सराफ ने मिलन पदाधिकारी व सदस्यों को पार्टी भी दी सभी ने उनकी सुपुत्री नैंसी को जन्मदिन की बधाई दी। अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग, मिलन के सदस्यों का आभार माना। विशेष रूप से नीलेश सराफ का भी आभार माना।

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाया स्थापना दिवस



**दमोह।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा के पूर्व अध्यक्ष वीर ऋषभ जैन खड़ेरी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लिए गए निर्णयों के अनुसार, राष्ट्रीय श्रम दिवस पर श्रमिकों को तेज धूप से बचने के लिए गमछा वितरण किये गए एवं भारतीय जैन मिलन स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों को फोन द्वारा सम्मान आमंत्रित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मंत्री कमलेंद्र जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. आर के जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय मंत्री कविता जैन महिला मिलन संयोजिका वीरांगना अर्चना एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी वीर ललित सराफ, सुधीर जैन मिलन परिवार दमोह की शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री की उपस्थिति में मानव सेवा कार्यक्रम वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के सेवा भाव सहित फल वितरण कार्य किया गया। जिसमे सर्व प्रथम सभी जनों का शाखा अध्यक्ष वीर संतोष जैन, मंत्री वीर एम एल जैन, डॉ एल सी जैन, ऋषभ जैन (एस एम) वीर यू सी जैन, के सी जैन, वीर आर के जैन, संजय डबुल्या आदि वीर बंधुओं ने सम्मान किया गया। राष्ट्रीय मंत्री कमलेंद्र एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष/मंत्री ने अपने उद्बोधन में भारतीय जैन मिलन के उद्देश्यों एवं महत्वपूर्ण कार्यों से अवगत कराया। विशेष रूप से संगठन एवं निस्वार्थ उत्तम सेवा भाव से मानव सेवा, समाज सेवा ही मानव जाति का सच्चा धर्म है, स्थापना दिवस पर हम सब अपने अपने कर्तव्यों का सच्चे मन से निर्वहन करें इसी भावना के साथ स्थापना दिवस पर हम सब संकल्पित हो, सभी के उद्बोधन के बाद फल वितरण कर सभी के स्वस्थ एवं खुश रहने की भावना प्रकट की अंत में वीर डॉ एल सी जैन ने पधारे हुए अतिथि मनोभावों, वृद्धाश्रम के संचालक समिति एवं सभी उपस्थित बंधुओं का आभार प्रकट कर कार्य क्रम संपन्न कराया।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। इस मौके पर एक पेड़-लाड़ली लक्ष्मी के नाम थीम पर पौधरोपण भी हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में परियोजना अधिकारी कार्यालय पन्ना शहरी के परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चन्द्रप्रभा तिवारी, शषि परमार, पूनम यादव सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेष सिंह, सहायक संचालक ज्योति पाण्डेय, परियोजना अधिकारी किरण खरे, प्रषासक वन स्टॉप सेंटर कविता पाण्डेय, सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दिव्यांषी चौधरी एवं हर्षिता अहिरवार को लाड़ली लक्ष्मी आष्वासन प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी को नया जीवन देने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देश एवं जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह के आव्हान पर समस्त शिव भक्तो, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों, नव संकल्प सामाजिक सेवा समिति बांदकपुर नवांकुर संस्था के श्रीकांत नेहरू युवा मंडल एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो, मंदिर समिति, महर्षि स्कूल, संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी, आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता एवं सहायिका के सहयोग से बांदकपुर धाम में स्थित अति प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस दौरान दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि आज निश्चित ही बहुत ही खुशी का विषय है कि बांदकपुर स्थित जो प्राचीन बावड़ी है आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उस बावड़ी के जीर्णोद्धार का संकल्प बांदकपुर और दमोह वासियों ने लिया है और उसी की परिणिति है कि सीईओ जिला पंचायत , जन अभियान परिषद के अधिकारी के नेतृत्व में जिसमें छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह, मत करो ना यार की टीम हमारे पत्रकार बंधु, हमारे जिला पंचायत ,जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के कर्मचारी बांदकपुर ट्रस्ट से जुड़े लोग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनें ग्राम वासी एवं हमारे यहां के सांस्कृत और महर्षि विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी और सभी ग्राम वासियों ने मिलकर दो घंटे श्रमदान किया है चारों तरफ एक खुशी है एवं हर्ष की लहर है की एक प्राचीन बावड़ी जो है उसका जीर्णोद्धार हो रहा है रविवार को भी यहां यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है हमारा जो कार्यक्रम साप्ताहिक दमोह का होता है उसको भी हमने रविवार यहां शिफ्ट किया है तो दमोह से भी जो लोग हैं वह यहां आएंगे श्रमदान करेंगे तो लगभग डेढ़ सौ से दो सौ लोग यहां श्रमदान के लिए उपस्थित होंगे और इस श्रमदान के बाद परसों से इस बावड़ी की रंग रोगन और जीर्णोद्धार का कार्य हम प्रारंभ कर देंगे हमारा प्रयास रहेगा कि मुख्यमंत्री जी को इस बाबड़ी का अवलोकन कराया जाए और हमारे जो जल दूत हैं उनको में धन्यवाद देता हूं हमारे जल योगी यहां के दहिया जी जो बांदकपुर थाने में पोस्टेड है इसके अलावा ग्राम के और दो जल दूत है इन्होंने जल योग करके यहां दिखाया सभी का साधुवाद धन्यवाद और आप सबके सहयोग से प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार का कार्य हम प्रारंभ कर देंगे यह कार्यक्रम जो है एक जल क्रांति के रूप में प्रदेश और देश में छाएगा इन्हीं शुभकामनाओं के साथ आप सभी का आभार। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो हमारी प्राचीन जल संरचनाएं हैं जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। बांदकपुर में जो लगभग 300 वर्ष प्राचीन बावड़ी है उसमें सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है जैसा कलेक्टर साहब ने कहा हम बावड़ी को ऐसा आर्कषक स्वरूप देंगे की जनता इसको देखने आए ।

इस दौरान दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ,जन अभियान परिषद जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक वंदना जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य बृजेश ठाकुर, जनपद सदस्य हलगज पप्पू सिंह,मंदिर पुजारी पंडित शीतू पंडा,पंचायत सरपंच सुनील सुनील डबल्यूआ सफाई कर्मी, विनय असाटी, जिले के यूथ अचीवर्स एवं संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल , सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार सेन, संघर्ष समिति से शंकर गौतम, तुलसीराम तिवारी, महेन्द्र तिवारी,अंशु दुबे, अमित दुबे, आदर्श दुबे,सहित अन्य ग्रामीण जनों समाज सेवियों की उपस्थिति रही ।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

दमोह। हिण्डोरिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी चंद घंटो में गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन एवं अति.पु.अधी. महोदय संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी महोदय पथरिया रघुकेशरी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया के नेतृत्व मे घटित टीम द्वारा थाना हिण्डोरिया के अप० क्रमांक 187/25 धारा 65(2), 127 (2) बीएनएस, 3,4 पास्को एक्ट के आरोपी हल्लेभाई पिता लच्छू अहिरवार उम्र 25 साल निवासी ग्राम छितरा खेडा थाना हिण्डोरिया जिला दमोह को घटना के कुछ ही घण्टो मे गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय पेश कर दाखिल जेल किया गया है। धिकारियो एवं कर्मचारियो में थाना प्रभारी हिण्डोरिया धर्मन्द्र गुर्जर, सउनि. राजेन्द्र मिश्रा, प्र.आर.अभिषेक चौबे, आर. बाबूसींग, आर. महेन्द्र, आर. राजकुमार लोधी की विशेष भूमिका रही है।

### घर के बाहर आपत्तिजनक शब्द लिखे जाने पर पुलिस कर रही जांच

दमोह। पटेरा थाना के बमनपुरा ग्राम में एक घर में कुछ तत्वों द्वारा आपत्तिजनक शब्द लिख दिये। पुलिस थाना में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बमनपुरा में दिनोंक 29.04.2025 की रात्रि में डॉ शेख रफीक के मकान की दीवार पर हिन्दू मुस्लिम संबंधी आपत्तिजनक शब्दों का लेख किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लाल रंग की गेरू से लिखा है। मकान मालिक शेख रफीक द्वारा उक्त घटना के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र थाने में दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यह भडकाउ और धर्म विरोधी लेख मेरे मकान की दीवार पर मेरी अनुपस्थिति में मुझे परेशान करने के उद्देश्य से लेख किय गये है पर कार्यवाही की जावे। इसी संबंध में मीडिया में भी वीडियो वायरल हो रहा है। उक्त आवेदन पत्र के आधार पर जाँच की जा रही है मौका का निरीक्षण किया गया है। लोगों के कथन लेख कर जाँच की जा रही है। जाँच के बाद तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर बैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### कई जगह टीन शेड उड़े, पेड़ गिरने से मार्ग रहे बाधित

# आंधी तूफान ने बरपाया कहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा/दमोह

जिले में शनिवार की दोपहर आंधी ने जमकर कहर बरपाया। तेज आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। कई पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। टीन शेड आदि के उड़ने से लोगों को काफी नुकसान हुआ। दरअसल शनिवार की 4 बजे आसपास तेज अंधड़ के बाद तेज बारिश शुरु हो गई जो करीब घंटे भर तक होती रही। तेज आंधी के चलते कई जगह बिजली के तार टूट गए और विद्युत पोल भी गिर गए जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। बिजली सप्लाई नहीं होने से जल व्यवस्था ठप्प हो गई और लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। अचानक आंधी आने से दुकानों के सामने रखा सामान उड़कर बिखर गया। तेज अंधड़ और बारिश से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। तेज आंधी के चलने से समूचे क्षेत्र की बिजली गुल होने पर लोगों को रतजगा करने मजबूर होना पड़ा। अंधेरे, उमस और मच्छरों के कारण रहवासी भारी परेशान रहे। विद्युत अनुविभाग के कर्मचारी मेंटेनेंस और बिजली बहाली के प्रयास में लगे रहे। अंधड़ से क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए। केबल भी टूटकर सड़क पर गिरे रहे जिससे विद्युत आपूर्ति और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। अचानक हुई तेज बारिश से नगर की गलियों में नालियों का बदबूदार पानी सड़क पर बहने के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। हटा अनुविभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाने से लोग रातभर भारी उमस और मच्छरों से परेशान रहे। महिलाएं, बच्चे और रतजगा करते रहे। कई लोग बाहर कुर्सियां निकालकर लाइट आने का इंतजार करते रहे तो कुछ विभाग के लोगों को मोबाइल करते रहे लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### तेज आंधी से गिरे पेड़ हटा मडियादो मार्ग बाधित

**मडियादो।** शनिवार शाम बिगड़े मौसम के चलते तेज आंधी और वारिश हुई जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। मडियादो हटा मार्ग पर मडियादो से कांटी तक आधा दर्जन पेड़ गिरे जिससे आवागमन बाधित हुआ। बाधित मार्गों को स्थानीय लोगो द्वारा खबर लिखे जाने तक खोलने का प्रयास किया गया। वहीं मडियादो कस्बे में हरदौल के पास बड़ा पेड़ गिरा जिससे मार्ग बंद हो गया। वहीं लाल शिव मंदिर में लगा टीन शेड उड़ गया ओर दूसरी ओर बनी दुकानों तक उड़कर पहुंच गया गनीमत रही कि बड़ा



हादसा टल गया। वहीं कस्बे के खजुरिया मुहल्ले में लगा लगा पोल केविल सहित नीचे आ गया। तेज आंधी और तूफान के चलते बिजली लाइन कई जगह नीचे आ गई ओर विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई। खरीदी केंद्र मडियादो पर वारिश से आंशिक नुकसान हुआ। खुले में रखे गेहूं को बरसाती से ढककर बचाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक कुछ मात्रा गेहूं भीग गया। हालांकि किसानों के समय रहते बचाव कर लिया गए जिससे कोई नुकसान नहीं है।

### अहमदाबाद दानापुर समर स्पेशल ट्रेन 6 मई से 17 जून तक दमोह होकर चलेगी

**दमोह।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन अनेक समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन स्पेशल किराए के साथ किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली समर स्पेशल ट्रेनों में से एक ओर ट्रेन सागर दमोह होकर चलाई जा रही है। ट्रेन संख्यार 09407/09408 अहमदाबाद-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल [14 फेरे] के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 09407 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद से 09.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी।

यह ट्रेन 6 मई से 17 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09408 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल प्रत्येक बुधवार को दानापुर से 22.30 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 06.00 बजे अहमदाबाद पहुँचेगी। यह ट्रेन 7 मई से 18 जून, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर प्रयागराज छेवकी, दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लानस कोच होंगे। अहमदाबाद दानापुर ट्रेन सागर स्टेशन पर रात 1:30 बजे दमोह स्टेशन पर रात 3:00 बजे और कटनी स्टेशन पर सुबह 6:00 बजे पहुंचेगी इसी तरह दानापुर अहमदाबाद ट्रेन कटनी स्टेशन पर सुबह 10:35 बजे दमोह स्टेशन पर दोपहर 12:10 बजे तथा सागर स्टेशन पर दोपहर 13:25 बजे पहुंचेगी।

# जल समस्या का समाधान करने पहुंचे एसडीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

ग्राम पंचायत घोघरा के जुनेरी गांव में जल संकट का सामना कर रहे आदिवासी परिवारों की समस्या सामने आने के बाद एसडीएम राकेश मरकाम , नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार जुनेरी पहुंचे। जहां ग्रामीणों से उनकी समस्या सुनी ओर निदान के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व अमले के साथ पीएचई विभाग ओर सरपंच प्रतिनिधि आत्मा सिंह ,सचिव जयंत कुसमरिया सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। पीएचई टीम द्वारा जुनेरी गांव पहुंचकर हैंडपंप सुधार कार्य किया गया। इस दौरान टीम द्वारा गांव के दो हैंडपंप ठीक करने सहित एक सरकारी बोर में नया हैंडपंप लगाया गया। पीएचई टीम द्वारा हैंडपंप में से खराब पाइप हटाए गए ओर कुछ नए पाइप डाले गए। खाली पड़े एक बोर में भी नया हैंडपंप लगाया गया । सुधार कार्य के बाद हैंडपंप से आसानी से पानी निकलने लगा लेकिन इन्हीं प्रयासों के साथ एक बोर खनन करने, पुराने जलस्त्रोत को मशीन के माध्यम से खोदकर पुनर्जीवित करने के निर्देश एसडीएम हटा द्वारा दिए गए । बता दे कि नईदुनिया ने 3 अप्रैल के अंक में घोघरा ग्राम पंचायत के जुनेरी गांव में गहराया जलसंकट , ग्रामीण परेशान नाम खबर का प्रकाशन किया था और ग्रामीणों की पानी की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया था। एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि पीएचई टीम द्वारा दो हैंडपंप में सुधार कार्य ओर एक बोर में नया हैंडपंप लगाया गया है। पीएचई विभाग को नया बोर खनन करने के निर्देश के साथ जल जीवन मिशन का कार्य देख रही टीम को भी निर्देशित किया है। जल समस्या हल की जाएगी।

# चना, मसूर खरीद केंद्र पर किसानों का हंगामा



### सर्वेयर पर पैसे मांगने का आरोप, उप संचालक कृषि पहुंचे जांच करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

जिले में चना, मसूर खरीदी का काम चल रहा है। वहीं बटियागढ़ तहसील के आंजनी नायक वेयर हाउस पर फुटेरा कलां समिति ने खरीद केंद्र बनाया है। वहां पर किसानों ने 1 मई 2025 को हंगामा कर दिया, दरअसल किसानों का आरोप था, कि सर्वेयर पंकज तिवारी के द्वारा किसानों से पैसे की मांग की जा रही है। पैसे की मांग पूरी न करने पर सर्वेयर ने अधिकतर किसानों की मसूर रद्द कर दी। इससे गुस्साएं किसानों ने खरीद केंद्र पर ही मीडिया को बुला कर हंगामा करना शुरू कर दिया। मीडिया ने सर्वेयर और किसानों के संवाद का वीडियो जिला कलेक्टर को भैज दिया। जिससे जांच टीम आंजनी वेयर हाउस 2 मई 2025 को जांच करने पहुंची। मौके पर पहुंचे अधिकारियो ने सर्वेयर के विरुद्ध पंचनामा कार्यवाही करते हुए किसानों और खरीदी केंद्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर से बातचीत की तो पता चला कि जिसे खरीद कंपनी ने नियुक्त किया था वो सर्वेयर तो यहां पहुंचा ही नहीं बल्की नकली सर्वेयर किसानो से पैसों की अवैध वसूली कर रहा था। संबंधित अधिकारियों ने जांच के बाद कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# खकरिया वीट में अवैध तेदूपत्ता तोड़ने वालों को वन अमले ने टीम को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



वनपरीक्षेत्र के अंतर्गत को आने वाले जंगलों में गुरुवार से प्रतिदिन तेंदूपत्ता तोड़कर अवैध रूप से घर ले जाया जा रहा है जबकि अभी क्षेत्र में कहीं भी तेंदूपत्ता फड चालू नहीं किए गए हैं। हालांकि एक-दो दिन में फड चालू कर दिए जाएंगे। उसके बावजूद क्षेत्र और अन्य जिलों से आने वाले हजारों लोग वन परीक्षेत्रो के जंगलों में पहुंच रहे हैं और तेंदूपत्ता तोड़कर ले जा रहे हैं। इस संबंध में जब शुक्रवार को वन परीक्षेत्र अधिकारी से बात की गई थी तो उन्होंने शनिवार से कार्रवाई की बात की थी। शनिवार से ऐसे लोगों को रोकने के लिए वन परीक्षेत्र अधिकारी द्वारा टीम बनाकर सुबह 4 भेजा गया ।

वन परीक्षेत्र अधिकारी की दिशा निर्देशन में खकरिया, इमलीडोल के जंगलों में पहुंचने वाले लोगों को समझाईश देकर वापिस किया गया सुबह-सुबह इमली डोल मार्ग पर वन अमले ने ऐसे लगभग 200 लोगों को जो मोटरसाइकिलों से खकरिया इमलीडोल के जंगल पहुंचने की तैयारी में थे। उन्हें वापस किया है और समझाया है कि दो-तीन दिन में तेंदूपत्ता फड चालू होने के बाद ही तेंदूपत्ता तोड़े साथ ही बाहर से आने वाले लोगों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि तेंदूपत्ता का अवैध परिवहन किया तो वन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान डिप्टी रेजर महेंद्र खरे, भगवान दास सेन, ब्रजेश कोल,मिथलेश ठाकुर, बसंत ठाकुर, अभिषेक मोदी, संदीप गर्ग ,मुन्ना सिंह, अमर सिंह, इंदुर, चौकीदार की उपस्थिति रही। इस संबंध में वनपरीक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने बताया कि अभी तेंदूपत्ता फड चालू नहीं हुए हैं। दो-तीन दिन में फड चालू होने के बाद ही जंगलों से तेंदूपत्ता तोड़ने की समझाईश में सुबह वन कर्मचारियों द्वारा दी गई है। साथ ही जो लोग बाहर से पत्ती तोड़ने आ रहे हैं उन्हें रोका गया है। उसके बावजूद यदि वन परीक्षेत्र के बाहर के लोग अवैध रूप से तेंदूपत्ता तोड़ने आएंगे तो उन पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी अभी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### लग्नोत्सव की खुशियां मातम में बदली

# ट्रैक्टर पर बैठकर लगुन में जा रहे युवक की नीचे गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समीपस्थ ग्राम बोरीकला से गांव की लड़की की लगुन लेकर ट्रेक्टर पर बैठकर रनेह जा रहे 22 वर्षीय फौजी युवक की ट्रैक्टर से नीचे गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हटा थाना क्षेत्र के बोरीकला निवासी मृतक भोला पिता कमला प्रसाद अहिरवार (फौजी) उम्र 22 वर्ष गांव के ही लड़की की लगुन लेकर शुक्रवार की रात्रि रनेह गया हुआ था जो ट्रैक्टर के बोनट पर भोला बैठा था जहां रनेह में भैंसा सड़क मोड़ पर ट्रैक्टर से नीचे गिर गया जहां नीचे पड़े पत्थर पर सिर लगने से युवक को सिर में गंभीर चोट आई थी जिसे तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां ड्यूटीरत डॉक्टर सौरभ जैन द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया लेकिन दमोह अस्पताल में भी हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। लग्नोत्सव के दौरान अचानक हुई दुर्घटना से दोनों परिवार के साथ गांव में शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

# क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**एक दिन में 2 लोगों के साथ सड़क मार्ग पर मारपीट मोबाइल छीना**

पथरिया। क्षेत्र में विगत दिनों से ऐसे हालात बने हुए हैं कि हर कहीं चर्चाएं हो रही है कि वाकई में अब क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद है वह अब जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली की चर्चाएं भी होने लगी है कि क्षेत्र में जुआ, सट्टा,आईपीएल,अवैध शराब का कारोबार शहर चरम पर है वही रहे भी क्यों नही जब जिम्मेदार अवैध कारोबार करने वाले को मंचों से समाजसेवी बोलने लगें तो वह भी सोचने लगें हैं कि हम जो कारोबार कर रहे वह जनता के लिए भले कुछ हो पर सम्मान मिलना मतलब हमारी पहचान अच्छे कार्य में हो रही है। विगत रात्रि क्षेत्र में लूट मारपीट जैसी घटना हुई जिसमें मोबाइल पैसा छीने जो दिन भर थाना में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटकते रहे तब कही शाम को कायमी हो पाई जिसमें दमोह पथरिया सड़क मार्ग पर जोरतला तिगडडा के पास रेल्वे स्टेशन मास्टर तो वहीं 4-5 किमी आगे सदगुवां छापरी के पास पथरिया लौट रहें चौरसिया परिवार के साथ घटना हो गई उनसे भी मोबाइल पैसा छीने गए। कुल मिलाकर क्षेत्र के हालात खराब बनें हुए हैं लेकिन फिर भी जिम्मेदार शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही देना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# शिक्षा किट मिलते ही खिल उठे शिवरार्थियो के चेहरे



**दमोह।** श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई जी सूखा में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर की शुरुवात ध्यान योग सामायिक के साथ हुई। मंदिर विधि के पश्चात श्रीमती स्वेता देवेंद्र जैन परिवार द्वारा ध्वजारोहण कर शिविर नायक बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। शिविर संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया कि शिविर में लगभग प्रथम दिन 200 शिवरात्रियों की उपस्थिति हुई जिनको संतोष जैन बटियागढ द्वारा शिक्षा किट प्रदान की गई। जिसमें एक बैग कॉफी पेन पेंसिल और ज्ञानवर्धक सामग्री प्रदान की गई। संस्कार शिविर 3 मई से 9 मई तक 7 दिन तक अनवरत जारी रहेगा। जहां प्रथम दिन कक्षाओं का संचालन दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक बाल ब्रह्म वैराग्य भैया निष्ठा दीदी रजत जी सविता दीदी चौरई राज दीदी दमोह स्वेता दीदी पथरिया सुहानी दीदी , श्वेता दीदी फुटेरा ,द्वारा किया जाएगा। वहीं शाम कालीन खेल एवं उसके पश्चात गुरु भक्ति का मंगल आयोजन होगा। तत्पश्चात बाल ब्रह्मचारी वैराग्य भैया के मंगल प्रवचन के साथ रात्रि में ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

### नीट परीक्षा आज : कलेक्टर ने दी विद्यार्थियों और उनके परिजनों को महत्वपूर्ण जानकारी

# विद्यार्थियों की परीक्षा केन्द्र में एन्ट्री ठीक प्रातः 11 बजे से, विद्यार्थियों को दो फोटो व ओरिजनल आइईडी प्रूफ लाना होगा, पेन केंद्र पर मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा आज 4 मई 2025 को अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक नगर के 02 परीक्षा केन्द्रों यथा पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय दमोह एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में आयोजित की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परीक्षार्थियों एवं उनके परिजनों से कहा कल रविवार 4 मई को नीट की परीक्षा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने जो विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं और उनके परिजन इन दोनों के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातें सामने रखीं है। सबसे पहली बात यह है, कि नीट के लिए यहाँ दमोह में दो सेंटर बनाए गए हैं। पहला सेंटर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दमोह है, और दूसरा सेंटर हमारा उत्कृष्ट विद्यालय यानी एक्सीलेंस स्कूल है, इन दोनों केंद्रों पर जिला प्रशासन ने सारी व्यवस्थाएँ, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की है, सुबह परिजनों के लिए बहुत इम्पोर्टेन्ट है, वह ध्यान रखने की बात यह है, कि केंद्र पर परिजनों के लिये स्कूल बाउंड्री के बाहर ही वह बैठ सकते हैं। स्कूल की बाउंड्री के अंदर सभी का आना सख्त मना है, इसीलिए उनके बैठने की व्यवस्था केन्द्र के बाहर टेंट लगाकर की है, स्कूल परिसर के बाहर वह कृपया वहाँ पर अपना स्थान ग्रहण करें, शांति से बैठें और यदि स्टूडेंट्स के पास कोई बैग इत्यादि है, तो वह अपने पास रखें। वहाँ पर पैड फुल काउंटर भी लगवाये जा रहे हैं, ताकि किसी को यदि कुछ खाना हो तो परिजन बाहर स्कूल परिसर के बाहर कुछ खरीद करके खा सकते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा केन्द्र के बाहर पीने के पानी की व्यवस्था, छॉव की व्यवस्था भी की गई हैं। पार्किंग की व्यवस्थाएँ रहेंगी ताकि आप गाड़ी आराम से पार्क कर सके और वहाँ पर परिजन या उनके जो अभिभावक या उनके रिश्तेदार जो भी आते हैं, वह सब बाहर बैठ सकें। उन्होंने कहा किसी प्रकार की जल्दबाजी ना करें, शांति से बिलकुल आ करके अपनी जगह लें। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है, समय पर आना बहुत जरूरी है, जैसा कि आप जानते हैं कि ठीक 11 बजे से जो स्टूडेंट्स हैं परीक्षा देने वाले हैं, उनकी एंट्री प्रीमाइसेज़ के अंदर शुरू हो जाएगी और एंट्री होने के बाद दो तरह की प्रोसेसेस होती हैं, पहला लड़कियों और लड़कों की अलग-अलग जांच की व्यवस्था की गई है, लड़कियों की जांच के लिए कवर्ड काउंटर्स होंगे, जिसमें फीमेल पुलिस ऑफिसर्स जांच करेंगे और लड़कों के अलग जांच के बाद फिर अंदर बायोमेट्रिक्स की पूरी प्रक्रिया होगी और इन दोनों प्रक्रियाओं में समय लगता है, इसीलिए विद्यार्थियों से जिला प्रशासन ने अनुरोध किया है कि समय पर अंदर एंटर हो जायें। उन्होंने कहा स्टूडेंट्स को ध्यान में रखना है कि उनको क्या ले जाना है और क्या नहीं ले जाना है। यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा स्टूडेंट्स को ना हो। किसी प्रकार का तनाव स्टूडेंट्स को ना हो। इस दृष्टि से पहली चीज़ समय पर आएं। यदि ठीक 11 बजे आकर के एंट्री शुरू कर देते तो यह बहुत ही अच्छी बात है, दूसरी चीज़ आपके साथ आपको क्या ले करके आना है यथा पासपोर्ट साइज में आपका फोटोग्राफ, वह एडमिट कार्ड पर एक लगा करके लेकर आना है। दूसरा आपकी अटेंडेंस शीट के ऊपर लगेगा तो यह दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर के आने है। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का पेन पेंसिल नहीं लानी है। ब्लैक बॉलपॉइंट पेन आपको परीक्षा के कमरे में ही प्रोवाइड कराए जाएंगे यह ध्यान रखना है, आपको जो दूसरी चीज़ परीक्षा हॉल में मिलेंगे वह है, पेन आपको अपना फोटो आइडी ओरिजिनल लेकर के आना है, यह आपका पैन कार्ड हो सकता है, यह पासपोर्ट हो सकता है, राशन कार्ड हो सकता है, स्टूडेंट आइडी हो सकता है, आधार कार्ड हो सकता है, लेकिन इम्पोर्टेन्ट बात यह है, कि वो ओरिजिनल होना चाहिए और दूसरी इम्पोर्टेन्ट बात यह है, कि वह फोटोयुक्त होना चाहिए ये दो चीजें ध्यान में रखेंगे एडमिट कार्ड के बिना आपको एंट्री नहीं दी जाएगी ।